## जमीन हथियाए बैठे हैं डेहा बस्ती के 130 लोग, हटने को सात दिन का दिया समय

# रादौर नपा की भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों के घरों पर नोटिस चस्पा

**अवैध कब्जा नहीं हटाने पर नगर पालिका प्रशासन करेगा सख्त कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

नगर पालिका रादौर की भूमि पर विभिन्न इलाकों में लोगों ने कब्जा कर रखा है। इसकी जानकारी होने पर नगर पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई की तैयारी कर ली गई है और नगर पालिका प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। कब्जेधारियों को नगर पालिका प्रशासन ने नोटिस थमाना शुरू कर दिया है। इसके बाद भी कब्जा नहीं हटाने वालों के खिलाफ नगर पालिका की ओर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक नगर पालिका रादौर प्रशासन की भूमि पर कस्बे की डेहा बस्ती में ही 130 लोगों ने अवैध कब्जा जमा रखा है। नगर पालिका प्रशासन ने ऐसे लोगों को सात दिनों के भीतर अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिया है। बुधवार को इन लोगों के घरों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व कृषि विभाग के एडीओ आशु कांबोज ने किया। उन्हें ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किए गया है।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा नोटिस चस्पा किए जाने के समय पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी, जिससे कि किसी तरह की कानून-व्यवस्था के बिगड़ने की स्थित पैदा न हो। नगर पालिका रादौर के बीआई आदित्य कांबोज ने बताया कि अवैध कब्जाधारियों को 7 दिन का पहला नोटिस दिया गया है। उन्हें अवैध कब्जा हटाने की चेतावनी दे दी गई है।

सात दिन तक अवैध कब्जा नहीं हटाने पर दूसरा नोटिस जारी किया जाएगा। यदि फिर भी अवैध कब्जा नहीं हटाते हैं तो सात दिन का अंतिम नोटिस दिया जाएगा। इन सबके बाद भी अगर कब्जाधारी नगर पालिका की भूमि खाली नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका रादौर के बीआई आदित्य कांबोज ने बताया कि नगर पालिका की भूमि पर किसी भी हाल में अवैध कब्जा नहीं रहने दिया जाएगा। कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कब्जा करने वालों से कहा गया है कि वे स्वयं कब्जा हटा लें। अगर वे ऐसा नहीं करते तो तीन नोटिस के बाद नगर पालिका प्रशासन खुद कब्जा हटा देगा। साथ ही कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



रादौर। डेहा बस्ती में अवैध कब्जाधारियों को कब्जा हटाने के लिए उनके घरों पर नोटिस चस्पा करते नपा कर्मचारी।

**नगर पालिका ने किया है पहला नोटिस चस्पा कब्जा नहीं हटाने पर दूसरा और फिर दिया जाएगा अंतिम नोटिस इसके बाद शुरू होगी कार्रवाई**

# नालों पर हो अवैध कब्जा तो तोड़कर करें सफाई : गुप्ता

■ नगराधीश पीयूष गुप्ता ने जगाधरी के विभिन्न इलाकों में जांची नालों की सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

बारिश के मौसम के दौरान शहर में होने वाले जलभराव की समस्या से आमजन को निजात दिलाने के लिए नगर निगम पूरी तरह से एक्शन मोड में है। इसी कड़ी में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने जगाधरी के विभिन्न इलाकों में चल रहे नालों की सफाई के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने निगम अधिकारियों को नालों पर जहां पानी निकासी के लिए अवरोध बन रहे अवैध कब्जों को तुरंत तोड़कर सफाई करने के आदेश दिए। ताकि जलभराव की समस्या को रोका जा सके।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने निगम अधिकारियों के साथ जगाधरी के बुड़िया गेट पुलिस चौकी से लेकर तेजली गेट, ढोल वाली पुलिया, अशोक विहार, रामलीला भवन और जगाधरी के सेक्टर 17 के मुख्य नाले समेत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जलभराव की आशंका वाले इलाकों में पानी की निकासी के लिए की गई तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी नालों पर अवैध कब्जे किए गए हैं या लोगों द्वारा डाले गए स्लैब के कारण पानी का बहाव रुक रहा है। उन्हें तुरंत प्रभाव से तोड़ दिया जाए। सीटीएम ने कहा कि जनता को जलभराव की समस्या से बचाना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए सभी प्रमुख और लिंक नालों की सफाई का काम समय रहते और जल्द से जल्द पूरा किया जाए। नगराधीश गुप्ता ने कहा कि जल निकासी के कार्यों में किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही मिलने पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी लगातार फील्ड में बने रहें और सीवरेज व नालों की ब्लॉकेज की नियमित निगरानी कर उसे तुरंत दुरुस्त करवाएं।



यमुनानगर। जगाधरी में नालों के सफाई कार्य का निरीक्षण करने के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते नगराधीश। फोटो : हरिभूमि

### नालों में कचरा न फेंकने की अपील

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वह नालों में पॉलिथीन, प्लास्टिक की बोतलें और अन्य ठोस कचरा न फेंकें। क्योंकि इससे नाले ब्लॉक हो जाते हैं। पानी निकासी रुकने से मामूली बारिश में भी पानी सड़कों व घरों में घुस जाता है।

## बढ़ती जनसंख्या देश के विकास में बनने लगी है बाधक : पंजेटा

**रादौर।** गुरुकुल खरकाली में बुधवार को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गुरुकुल के चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने बच्चों को देश में बढ रही जनसंख्या से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा ने कहा कि देश में तेजी से बढ़ती जनसंख्या राष्ट्र के लिए चिंता का विषय है। बढती जनसंख्या देश के विकास में बाधक बन चुकी है। क्योंकि कमाई के साधन कम होते जा रहे हैं और मंहगाई व बरोजगारी बढ़ती जा रही है। जिसमें जनसंख्या अहम भुमिका निभा रही है। यदि हमें देश को विकसित राष्ट्र बनाना है तो हमें अपनी जनसंख्या पर काबु पाना होगा। नहीं तो हमारे देश की जनसंख्या चीन से भी अधिक हो जाएगी। जो देश के विकास के लिए खतरा पैदा करेगी। इस समय हमारा देश जनसंख्या के मामले में दूसरे स्थान पर है। बढती जनसंख्या के कारण देश में संसाधनों की कमी हो गई है। इस समय बहुत से लोगों को पेटभर खाना भी नहीं मिल रहा है। जिसके लिए हमारी बढ़ती हुई जनसंख्या जिम्मेवार है। यदि हमें देश को उन्नत बनाना है तो हमें जनसंख्या पर काबु पाना होगा। अन्यथा हम दुनिया के विकसित देशों की दौड में पिछडकर रह जाएंगे।



गुरुकुल के चेयरमैन अमन पंजेटा। फोटो : हरिभूमि

# कुपोषण उन्मूलन के लिए जागरूकता जरूरी: डॉ. सपना

**एडीआर केंद्र में 'स्वस्थ बच्चा मजबूत राष्ट्र' विषय पर लगा जागरूकता शिविर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा एडीआर केंद्र में स्वस्थ बच्चा मजबूत राष्ट्र कुपोषण का उन्मूलन विषय पर एक जागरूकता शिविर आयोजन किया गया। शिविर में आंगनवाड़ी वर्कर्स ने भाग लिया। मौके पर जागरूकता शिविर में मुख्य वक्ता के रुप में डॉ. सपना कांबोज ने भाग लिया। उन्होंने प्रतिभागी आंगनवाड़ी वर्कर्स को विषय के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य वक्ता डॉ. सपना कांबोज ने सिविल अस्पताल यमुनानगर में चल रहे पोषण पुनर्वास केंद्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों का पोषण करना बेहद जरुरी है। मौके पर डॉ. अंजू वाजपेयी के द्वारा प्रतिभागियों को दिव्यांग बच्चों की पहचान, उनके इलाज व अधिकारों के बारे में बताया गया। उन्होंने प्रतिभागी आंगनवाड़ी वर्कर से यदि वे किसी दिव्यांग बच्चे के संपर्क में आती हैं तो उसके माता पिता को उसकी आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से समझाएं तथा माता पिता को उक्त बच्चों के लिए निर्धारित शिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए प्रेरित करें। पैनल अधिवक्ता पुनीत कुमार ने प्रतिभागियों को बाल विवाह, दहेज उन्मूलन व पोक्सो से संबंधित प्रावधानों से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार आयोजित किया गया व इसका उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कुपोषण के विरुद्ध मुहिम में शामिल करना रहा।

उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजनों के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर के सामाजिक व विधिक मुद्दों के बारे में बुनियादी स्तर पर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने प्रतिभागियों से अपील की कि वे यहां से प्राप्त जानकारी को आगे अन्य लोगों तक पहुंचाएं।



यमुनानगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में कुपोषण उन्मूलन के बारे में आंगनबाड़ी वर्कर्स को जानकारी देते वक्ता।

### न्यूज डायरी



## मानवता के लिए सभी को करना चाहिए कार्य

**रादौर।** अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्थान इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में रादौर में अन्नपूर्णा दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित कर जरुरतमंद 15 परिवारों को राशन भेंट किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की प्रधान परमजीत कौर व सचिव पूजा माटिया ने की। क्लब की प्रधान परमजीत कौर ने कहा कि क्लब की ओर से मानवता की भलाई के लिए बढ़ चढ़कर कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मानवता की भलाई के लिए हम सभी को आगे आकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मानसून के मौसम में क्लब की ओर से रादौर में पौधारोपण किया जाएगा। ताकि वातावरण को हराभरा रखा जा सके। क्लब की प्रधान परमजीत कौर ने बताया कि संस्था महिलाओं व बच्चों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। जल्द ही क्लब की ओर से स्कूलों में 10 पंखे भेंट किए जाएंगे। वहीं, स्थानीय लोगों को साफ सफाई के प्रति प्रेरित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कस्बा के लोगों से अपने आसपास व गलियों और चौक चौराहों पर गंदगी नहीं फैलाए जाने की अपील की। मौके पर क्लब की सचिव पूजा माटिया ने कस्बावासियों से नगर को साफ सूथरा रखने में अपना योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर रोटरी क्लब महिला सेल की प्रधान अनीता झांब, पार्षद बेअंत कौर, लक्ष्मी चोपड़ा, रानी सैनी, साक्षी पुरूथी, नेहा सेतिया, मीनाक्षी कांबोज, नीलम वर्मा, नीलम मेहता, वीना चोपड़ा, पुष्पा मक्कड़, दीपा चोपड़ा, कोमल वर्मा, रितु गुप्ता, डॉ. रिंकू शर्मा, मंजू मंढाण, नीना जौहर, राजविंदर कौर, गीतिका जौहर, चारु सिंगला, भारती शर्मा, संजना सलूजा, नीलम कांबोज व पूजा सिंगला आदि मौजूद रही।



## पुलिस कर्मियों की जरूरतों का रखा जाएगा ध्यान

**यमुनानगर।** जिला पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस लाइन जगाधरी में वेलफेयर मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने की। उन्होंने मीटिंग में जिला के सभी थानों, क्राइम ब्रांच यूनिट व चौकी आदि से आए पुलिस कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया, रमेश कुमार, वेलफेयर इंस्पेक्टर कुसुम तथा अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि पुलिस थाना व चौकियों में पुलिस कर्मियों की जो भी जरूरी जरूरत है वह जल्द से जल्द पूरी की जाएंगी। उनकी जरुरत पर ध्यान रखा जाएगा। क्योंकि थाना व चौकियों में तैनात पुलिसकर्मी 24 घंटे ड्यूटी देते हैं। इस दौरान उनकी मूलभूत सेवाओं का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने मीटिंग के दौरान थाना व चौकियों में आने वाली समस्याओं पर विचार विमर्श किया। जिला पुलिस लाइन में आने वाली समस्याओं को सुना। इसके अलावा मीटिंग में पुलिस क्वार्टरों में आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए विचार विमर्श किया। पुलिस लाइन में रह रहे कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर उनको दूर करवानें हेतु विचार विमर्श किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मीटिंग में पुलिस कर्मचारियों द्वारा जो भी समस्याएं रखी गई हैं। उन सभी पर गंभीरता पूर्वक विचार करके दूर किए जाने का प्रयास किया जाएगा।

## घर में घुसकर उठा ले गए हजारों का सामान

**यमुनानगर।** जिले के गढ़ी गांव में चोरों ने एक मकान में घुसकर करीब 71 हजार रुपये की नकदी व कीमती सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक गांव गढ़ी निवासी सजी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि देर शाम वह और उसके परिवार के अन्य सदस्य खाना आदि खाने के बाद अपने कमरे में जाकर सो गए थे। सुबह के वक्त वह नींद से जागे तो घर में सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने सामान की जांच की तो घर से करीब 71 हजार रुपये समेत अन्य कीमती सामान गायब था। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की जांच कर रहे हेड कांस्टेबल संदीप कुमार के मुताबिक मामले में आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। इसके अलावा क्षेत्र के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# शहीद उद्यम सिंह कांबोज के शहीदी दिवस पर 31 जुलाई को होगा प्रदेशस्तरीय समारोह

**हरियाणा कांबोज सभा जिला यमुनानगर की इकाई ने बैठक कर समारोह की तैयारियों को दिया अंतिम रूप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

हरियाणा कांबोज सभा द्वारा शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर 31 जुलाई को रादौर में प्रदेशस्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह की तैयारियों को लेकर बुधवार को रादौर में हरियाणा कांबोज सभा की जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के जिला प्रधान लक्ष्मीचंद लक्सीबांस व कांबोज धर्मशाला रादौर के प्रधान वेद प्रकाश कांबोज ने की। सभा के जिला मीडिया प्रभारी अमित कांबोज ने बताया कि हरियाणा कांबोज सभा द्वारा शहीद उधम सिंह का प्रदेश स्तरीय शहीदी समारोह 31 जुलाई को रादौर की अनाज मंडी में मनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से हजारों लोग शामिल होंगे। वहीं रादौर में कार्यक्रम होने पर जिला यमुनानगर की कांबोज सभा ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। संगठन की दृष्टि से पूरे जिले को सात ब्लॉक में बांट कर सभी ब्लॉक के प्रमुख तय कर दिए गए हैं। हर ब्लॉक में दस से पंद्रह गांव आते हैं। यह ब्लॉक प्रमुख पूरे जिले के हर गांव में घर घर जाकर कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण देंगे। उन्होंने बताया कि चमरोडी ब्लॉक से सतीश बकाना, रादौर ब्लॉक से शीश कुमार जुब्बल, अलाहर ब्लॉक से नरेश कांबोज लक्सीबांस, दामला ब्लॉक से भानु प्रकाश, साबेपुर ब्लॉक से मोहन अकालगढ़, यमुनानगर ब्लॉक से देवेंद्र मानकपुर, बिहटा ब्लॉक से रामपाल मुजाफत को ब्लॉक प्रमुख बनाया गया है।



रादौर। शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर प्रदेशस्तरीय समारोह के बारे में जानकारी देते कांबोज सभा के जिला मीडिया प्रभारी अमित कांबोज।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पार्षद राजीव आर्य सन्नी, जय प्रकाश कांजनू, शिव कुमार संधाला, विपिन धानुपुरा, अशोक जुब्बल, जगमाल रतनगढ़, राजपाल मंधार, ईश्वर जयपुर, सीटू नंबरदार, सुनील बुबका, विनीत बुबका, ईश्वर सिलीकलां, राजेश संधाली, मुकेश शास्त्री, ओमप्रकाश चमरोडी व वागीश दोहली आदि मौजूद रहे।

## फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार की रादौर में मनाई पुण्यतिथि

**रादौर।** देश के जाने माने मशहूर फिल्म अभिनेता एवं ट्रेजडीकिंग स्व. दिलीप कुमार की पांचवी पुण्यतिथि बुधवार को रादौर में उनके प्रशंसकों ने श्रद्धापूर्वक मनाई। इस दौरान फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार के चित्र पर उनके प्रशंसको ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रशंसक डॉ. एससी सैनी, मास्टर गुरचरण सिंह, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, वीके पुजारा, रामकुमार धानोखेडी आदि ने कहा कि ट्रेजडीकिंग दिलीप कुमार महान कलाकारों में से एक थे। उनके दुनिया छोड़ जाने से एक युग का अंत हो गया। उनके द्वारा हिंदी सिनेमा के लिए दिए गए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। वह भारतीय संस्कृति के प्रतीक थे। उन्होंने अपने अभिनय से भारतीय संस्कृति का प्रचार व प्रसार किया है। उन्होंने बताया कि दिलीप कुमार के जन्म का नाम मुहम्मद युसुफ खान था। उनका जन्म ब्रिटिश भारत के पेशावर (अब पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता मुंबई आ बसे थे। जहां उन्होंने हिन्दी फिल्मों में काम करना शुरू किया। उनका नाम उस वक्त के चलन के अनुसार बदल कर दिलीप कुमार रख दिया गया। ताकि उन्हे हिन्दी फिल्मो में ज्यादा पहचान और सफलता मिले। दिलीप कुमार ने अभिनेत्री सायरा बानो से 1966 में विवाह किया। सायरा बचपन से ही अपने पसंदीदा अभिनेता दिलीप कुमार से विवाह करना चाहती थीं। वर्ष 2000 से 2006 तक वह राज्यसभा के सदस्य रहे। वर्ष 1980 में उन्हें सम्मानित करने के लिए मुंबई का शेरिफ घोषित किया गया। वर्ष 1991 में भारत सरकार ने उन्हें तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मम भूषण और 2015 में दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मम विभूषण से सम्मानित किया। वर्ष 1995 में उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1998 में उन्हे पाकिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान ए इम्तियाज भी प्रदान किया गया। दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार ने 7 जुलाई 2021 में 98 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। उन्हें सदा याद रखा जाएगा।

## नशा व्यक्ति के लिए ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए भी घातक

# नशा मुक्त समाज ही विकसित भारत की पहचान : गोयल

**'नशा मुक्ति अभियान विकसित भारत की पहचान' विषय पर हुआ कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान यमुनानगर द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएनबी आरसेटी यमुनानगर के निदेशक रवि प्रकाश गोयल ने की। जबकि मुख्यातिथि के रुप में शहर थाना के अतिरिक्त प्रभारी रविंद्र कुमार ने भाग लिया।

मुख्यातिथि एवं अतिरिक्त थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा समाज को इस बुराई से मुक्त बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। नशा मुक्त भारत ही विकसित भारत की पहचान है। मौके पर विशिष्ठ अतिथि एवं महिला थाना यमुनानगर की एएसआई नीलम ने नशे के सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जागरूकता और पारिवारिक सहयोग से ही इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। वहीं, नेशनल एंटी करप्शन ब्यूरो के अध्यक्ष अमित ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं से अनुशासित जीवन अपनाने, नशे से दूर रहने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।



यमुनानगर। पीएनबी आरसेटी में आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्ति के लिए शपथ लेते संस्थान के प्रशिक्षु व अन्य सदस्य।

### दूसरों को जागरूक करने की ली शपथ

कार्यक्रम के अंत में निदेशक रवि प्रकाश गोयला ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पीएनबी आरसेटी भविष्य में भी इस प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। ताकि नशा मुक्त भारत विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सके। इस दौरान संस्थान के प्रशिक्षुओं एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी उपस्थित जनों ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली।

